web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर


# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 10 अक्टूबर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 14

## महत्वपूर्ण एवं खास

### केजरीवाल को नहीं मिली डेनमार्क जाने की अनुमति

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल को डेनमार्क की यात्रा की अनुमति नहीं दी है। राज्यसभा में 'आप' के सांसद संजय सिंह ने बताया कि केजरीवाल की डेनमार्क यात्रा को विदेश मंत्रालय ने अनुमति नहीं दी है। मुख्यमंत्री ने जलवायु परिवर्तन पर एक सम्मेलन - 'सी 40' में भाग लेने के लिए डेनमार्क यात्रा की अनुमति मांगी थी। सिंह ने कहा कि यात्रा की अनुमति नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा, यह मेरी समझ से परे है कि मोदी सरकार हमारे साथ ऐसा व्यवहार क्यों कर रही है। सिंह ने कहा कि केजरीवाल छुट्टियां मनाने डेनमार्क नहीं जा रहे थे बल्कि उन्हें एशिया के 100 शहरों के महापौरों के एक सम्मेलन में भाग लेना था। वह प्रदूषण में निपटने के तौर तरीकों पर देश के बेहतर दृष्टिकोण प्रस्तुत करते। उन्होंने सवाल किया, अभी तक कितने मुख्यमंत्रियों की अधिकारिक यात्राएं रद्द की गयी हैं। हमने एक महीने पहले आवेदन किया था लेकिन अनुमति नहीं मिल सकी।

### शनि के पास अब सबसे अधिक 82 चांद, वैज्ञानिकों ने की पुष्टि

**केप कार्निवल।** सौर मंडल के ग्रहों में चांद की संख्या के आधार पर अब शनि ग्रह विजेता है। शनि पर वैज्ञानिकों ने 20 नए चांद पाए जाने की पुष्टि की है। 20 नए चांद के साथ ही शनि ग्रह पर अब कुल चांद की संख्या 82 हो गई है। वैज्ञानिकों ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि अब शनि ग्रह के सबसे अधिक चांद हैं। इससे पहले तक बृहस्पति ग्रह के सबसे अधिक 79 चांद थे। कार्निगेज इंस्टिट्यूशन ऑफ साइंस के ऐस्ट्रॉनॉमर स्कॉट शेपर्ड ने इस पर कहा, यह जानना बेहद दिलचस्प है कि अब शनि ग्रह चांद की संख्या के आधार पर राजा है। सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति के लिए अब भी राहत की बात सिर्फ यही है कि उसके पास सबसे बड़ा चांद है। बृहस्पति का कुल आकार पृथ्वी से लगभग दोगुना है। हालांकि, दिलचस्प बात यह है कि शनि के 20 नए चांद की संख्या में बहुत छोटे-छोटे हैं और प्रत्येक का डायमीटर करीब 5 किमी. तक ही सीमित है।

### अफगानिस्तान की दवा कंपनी पर यूएस हमले में 30 आम नागरिकों की मौत

**काबुल।** संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने बुधवार को अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि पश्चिम अफगानिस्तान में नशीली दवाइयां बनाने वाली कई कंपनियों पर अमेरिकी हमलों में कम से कम 30 आम नागरिकों की मौत हो गई थी। यूएन की इस रिपोर्ट से अमेरिका ने असहमति जताई है। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने 4 महीने तक जांच की थी। यूएन की जांच टीम ने 5 मई को क्या हुआ था जब अमेरिकी सेना ने दर्जनों स्थलों पर बमबारी की थी, जिनकी पहचान तालिबान के मेथांफेटामाइन प्रयोगशालाओं के रूप में की गई है, इसकी जांच की थी। एक बयान में, यूएनएएमए ने कहा कि उसने 5 मई के हवाई हमलों के कारण 14 बच्चों और एक महिला सहित 39 आम नागरिकों के हताहत होने का सत्यापन किया है।

### तुर्की में महिला की हत्या के बहुचर्चित मामले की सुनवाई शुरू

**किरिक्काले।** तुर्की में एक महिला की हत्या के बहुचर्चित मामले की सुनवाई बुधवार को शुरू हो गई। इस महिला के पूर्व पति ने चाकू घोंपकर उसकी हत्या कर दी थी और घटना कैमरे में कैद हो गई थी। इसके बाद देश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा पर बहस शुरू हो गई। 38 साल की एमीन बुलुत की हत्या अगस्त में की गई थी जिसके बाद समूचे तुर्की में गुस्से की लहर दौड़ गई थी और इस घटना ने देश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की बहस को फिर से ताजा कर दिया था। बुलुत ने चार साल पहले अपने पति को तलाक दे दिया था। मध्य एंतोलियाई शहर किरिक्काले में उसकी 10 वर्षीय बेटी के सामने एक कैफे में उसे चाकू घोंप दिया गया था।

# राष्ट्रपति शी जिनपिंग कल आएंगे भारत

### » पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 11 अक्टूबर को भारत आएंगे। वह यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दूसरी अनौपचारिक शिखर वार्ता करेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह घोषणा की।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये शिखर वार्ता दोनों नेताओं को द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के व्यापक मुद्दों पर बातचीत जारी रखने का अवसर प्रदान करेगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने बुधवार को घोषणा की कि शी और मोदी के बीच दूसरी अनौपचारिक शिखर वार्ता चेन्नई के समीप प्राचीन तटीय शहर मामल्लपुरम में 11 और 12 अक्टूबर को होगी। इसके बाद शी 13 अक्टूबर को नेपाल के राजकीय दौरे पर जाएंगे।

बता दें कि दोनों के बीच यह शिखर वार्ता चेन्नई के पास प्राचीन तटीय शहर मामल्लपुरम में होगी। मंत्रालय ने कहा कि शिखर वार्ता के दौरान दोनों देश भारत-चीन विकास साझेदारी को गहरा करने पर विचार विमर्श करेंगे।

मोदी और शी के बीच पहली अनौपचारिक शिखर वार्ता चीन के वुहान में अप्रैल 2018 में हुई थी। उसके कुछ महीनों पहले ही डोकलाम में दोनों देशों की सेनाओं के बीच 73 दिनों तक गतिरोध रहा था।



शी के दौरे की घोषणा ऐसे वक्त की गई है जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान और सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा चीन के दौरे पर हैं। शी जिनपिंग की भारत यात्रा से पहले चीन ने एक महत्वपूर्ण बयान में कहा है कि कश्मीर के मुद्दे का समाधान भारत और पाकिस्तान को आपसी बातचीत से निकालना होगा।

# लोकल ट्रेन में लगी आग, खाली कराया गया वाशी रेलवे स्टेशन

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के वाशी रेलवे स्टेशन पर सुबह 9:33 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां पनवेल की ओर जा रही लोकल ट्रेन में बुधवार सुबह आग लग गई। जिसके बाद पूरे वाशी रेलवे स्टेशन खाली कराया गया। आग लगने की सूचना मिलते ही रेलवे स्टेशन में अफरा-तफरी मच गई।



जानकारी के अनुसार आग पेंटोग्राफ में लगी। हालांकि हादसे में किसी भी प्रकार की जानहानि की खबर नहीं है।

बताया जा रहा है कि ट्रेन में पहले शॉर्ट सर्किट हुआ और फिर तेजी से आग फैल गई। यह ट्रेन पनवेल की तरफ जा रही थी। हादसे के बाद नवी मुंबई से पनवेल की ओर जाने वाली ट्रेनों को रोक दिया गया था। बड़ी संख्या में रेलवे अधिकारी और अग्निशमन दल के कर्मचारी आग की सूचना पर स्टेशन पहुंच गए थे। आग लगने के कुछ ही देर बाद इस पर काबू पा लिया गया। इसके थोड़ी ही देर बाद पनवेल की तरफ जाने वाली ट्रेनों को भी रवाना कर दिया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार आग के चलते थोड़ी देर के लिए यातायात बाधित हुआ था लेकिन जल्द ही उसे ठीक कर दिया गया। फिलहाल यातायात सामान्य है।

# कांग्रेस ने माना उसके पास न नेता है और न नीति

### » खुर्शीद के बयान पर बीजेपी का तंज



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने अपनी पार्टी कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा है। जिसके बाद बीजेपी ने उनके बयान पर प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने सलमान खुर्शीद के बयान को महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले हार मानने के रूप में पेश किया है। पात्रा ने कहा, आखिरकार कांग्रेस ने मान ही लिया कि उसके पास न तो नेता है और न ही नीति और नीयत।

ज्ञात हो कि सलमान खुर्शीद ने पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस पार्टी की मौजूदा हालत पर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा, हमारी सबसे बड़ी समस्या ये है कि हमारे नेता ने हमें छोड़ दिया। पार्टी इस समय ऐसी जगह पर संघर्ष कर रही है कि जिसे देखकर कहा जा सकता है कि वह आने वाले विधानसभा चुनावों में जीत हासिल नहीं कर सकती।

कांग्रेस नेता के इस बयान पर बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने ट्वीट किया, खुर्शीद जी ने कहा है कि राहुल गांधी छोड़ गए और सोनिया गांधी सिर्फ फौरी इंतजाम देख रही हैं। इसका मतलब है कि कांग्रेस में कोई नेता, नीति और नीयत नहीं बचा है।

संबित पात्रा ने सलमान खुर्शीद के बयान को महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की पस्त हालत से जोड़ दिया। उन्होंने कहा- दोनों राज्यों में 21 अक्टूबर को होने वाले मतदान से पहले आखिरकार कांग्रेस ने दोनों राज्यों में अपनी पराजय स्वीकार कर ली है।

# गुजरात से दिल्ली तक होगा 1400 किलोमीटर लंबी ग्रीन वॉल का निर्माण

### » प्रदूषण रोकने के लिए सरकार का प्लान



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** मोदी सरकार ने जलवायु परिवर्तन को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए गुजरात से दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर तक ग्रीन वॉल बनाएगी। अफ्रीका में सेनेगल से जिबूती तक बनी ग्रीन वॉल की तरह ही ग्रीन वॉल ऑफ इंडिया को विकसित किया जाएगा। ये वॉल करीब 1400 किलोमीटर लंबी और 5 किलोमीटर चौड़ी होगी।


रिपोर्ट के मुताबिक, कई मंत्रालयों ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई है। अगर इसपर मुहर लग जाती है, तो बढ़ते प्रदूषण की समस्या का बहुत हद तक निदान हो जाएगा। बता दें कि अफ्रीका में प्रदूषण और रेगिस्तान की समस्या से निपटने के लिए ग्रेट ग्रीन वॉल ऑफ सहारा बनाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रीन वॉल ऑफ इंडिया को थार रेगिस्तान के पूर्वी तरफ विकसित किया जाएगा। ये वॉल गुजरात के पोरबंदर से हरियाणा के पानीपत को कवर करेगी। इस वॉल से कम हो रहे हरित क्षेत्र को बढ़ाया जा सकेगा। इसके साथ ही गुजरात, राजस्थान, हरियाणा से लेकर दिल्ली तक फैली अरावली की पहाड़ियों पर भी हरित क्षेत्र को संरक्षित किया जा सकेगा।

रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि ग्रेट ग्रीन वॉल ऑफ इंडिया से हर साल पाकिस्तान और राजस्थान की तरफ से दिल्ली आने वाली धूल से निजात मिलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, गुजरात से दिल्ली बॉर्डर तक ग्रीन वॉल बनवाने में कम से कम 2030 तक का वक्त लगेगा। अफ्रीका में ग्रेट ग्रीन वॉल पर करीब एक दशक पहले काम शुरू हुआ था। हालांकि कई देशों की भागीदारी होने और उनकी अलग-अलग कार्यप्रणाली के चलते अब भी यह हकीकत में तब्दील नहीं हो सका है।

# राहुल का अध्यक्ष पद छोड़ देना कांग्रेस की सबसे बड़ी समस्याः खुर्शीद

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने अपनी ही पार्टी की आलोचना करते हुए बड़ा बयान दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने पार्टी के भविष्य को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि क्या राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर जिम्मेदारियों से भाग गए? कम-से-कम सलमान खुर्शीद तो यही मानते हैं। पार्टी के इस वरिष्ठ नेता ने पहली बार यह बात खुलकर कह दी जो दबे अंदाज में कहा जा रहा था। खुर्शीद ने कहा, हमारी सबसे बड़ी समस्या यह है कि



हमारे नेता ही छोड़ गए। उन्होंने पार्टी की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा है कि लोकसभा चुनाव में हार के बाद राहुल गांधी के इस्तीफे से संकट बढ़ा है।

खुर्शीद ने कहा कि राहुल गांधी के इस फैसले के कारण पार्टी हार के बाद जरूरी आत्मनिरीक्षण भी नहीं कर पाई। कांग्रेस को लेकर चर्चा करते हुए पार्टी के सीनियर नेता ने कहा, हम विश्लेषण के लिए भी एकजुट नहीं हो सके कि हम लोकसभा चुनाव में क्यों हारे। हमारी सबसे बड़ी समस्या यही है कि हमारे नेता ने हमें छोड़ दिया।

यह पहला मौका है, जब कांग्रेस के किसी नेता ने राहुल गांधी के इस्तीफे के लिए छोड़ जाने जैसे शब्द का इस्तेमाल किया है। खुर्शीद ने कहा कि राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद एक खालीपन पैदा हुआ है। यह संकट तब और बढ़ता दिखता है, जब सोनिया गांधी उनके स्थान पर अस्थायी तौर पर कमान संभाल रही हैं।

पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने राहुल गांधी के इस्तीफे को लेकर कहा, मैं नहीं चाहता था कि राहुल गांधी इस्तीफा दें। मेरी राय थी कि वह पद पर रहें। मैं मानता हूं कि कार्यकर्ता भी यही चाहते थे कि वह बने रहें और नेतृत्व करें। उन्होंने कहा, यह एक खालीपन जैसा है। सोनिया गांधी ने दखल दिया है, लेकिन साफ संदेश है कि वह एक अस्थायी व्यवस्था के तौर पर हैं। मैं ऐसा नहीं चाहता।

# दूसरे विश्व युद्ध का बम फटा, दो सैनिकों की मौत-दो घायल

**वारसा।** पोलैंड से एक बड़ी खबर आ रही है। यहां दूसरे विश्व युद्ध के समय का एक बम डिफ्यूज करते हुए हादसे की जानकारी मिल रही है। इस घटना में दो सैनिकों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। डिफेंस मिनिस्टर मारिउस ब्लास्जाक के मुताबिक यह बम उस वक्त फटा, जब सैनिक उसे डिफ्यूज करने में जुटे थे। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को फटने वाला यह बम दूसरे विश्व युद्ध के दौर का था।



सेना ने बताया कि पोलैंड के कुजनिया रासिबोर्स्का के पास जंगल में यह हादसा हुआ। हादसे में घायल दोनों सैनिकों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि दोनों की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। सैनिक पैराशूट रेजिमेंट का हिस्सा था, जिसे क्षेत्र में तैनात किया गया था।

पुलिस के मुताबिक कुछ दिनों पहले ही जंगल में राहगीरों को कई हथियार और बम मिले थे। इन्हें रख लिया गया था और एक यूनिट को इन्हें डिफ्यूज करने का जिम्मा दिया गया था। गौरतलब है कि दूसरे विश्व युद्ध के दौरान के बम अब भी अक्सर पोलैंड में पाए जाते हैं। जर्मनी ने पोलैंड पर कब्जा जमा लिया था।

# इमरान खान को मिला 'मुस्लिम मैन ऑफ द ईयर' का अवार्ड

**अम्मान।** तमाम परेशानियों से जूझ रहे पाक पीएम इमरान खान के लिए एक राहत की खबर है। जॉर्डन की एक संस्था रॉयल इस्लामिक स्ट्रेटेजिक स्टडीज सेंटर ने इमरान को 'मुस्लिम मैन ऑफ द ईयर' के अवार्ड से नवाजा है। संस्था ने क्रिकेट के क्षेत्र में उनके योगदान और राजनीति में करिअर को अहम बताया है। इमरान के अलावा अमेरिकी नेता राशिदा तैलब को वूमैन ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया है।



संस्था का कहना है कि इमरान ने पहले क्रिकेट जगत में अपना और देश का नाम रोशन किया और वर्ल्डकप भी जीता। इसके बाद जब वे राजनीति में उतरे तो सीधे देश के प्रधानमंत्री बन गए। ऐसे में उनका जीवन मुस्लिम लोगों के लिए प्रेरणादायी रहा है। खास बात ये है कि संस्था ने जम्मू कश्मीर को लेकर इमरान के रुख की भी सराहना की है। इस संस्था ने इमरान खान के साथ अमेरिकी नेता राशिदा तैलब को वुमेन ऑफ द ईयर का अवॉर्ड दिया गया है।

अगर बात करें रॉयल इस्लामिक स्ट्रेटेजिक स्टडीज सेंटर की तो ये संस्था हर साल प्रभावशाली मुस्लिम लोगों की लिस्ट निकालती है, संस्था की ओर से टॉप 500 मुस्लिम लोगों की मैगजीन निकाली जाती है। जिसमें महिलाओं पुरुषों दोनों को शामिल किया जाता है। पिछले साल इस संस्था ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन को मुस्लिम मैन ऑफ द ईयर का अवॉर्ड दिया था।

# हांगकांग में जेल में बंद कार्यकर्ता के लिए प्रदर्शनकारी सड़कों पर

**हांगकांग।** हांगकांग में हिंसक प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए छह साल की सजा पाए एक कार्यकर्ता के समर्थन में बुधवार को सैकड़ों नकाबपोश प्रदर्शनकारी उच्च न्यायालय के सामने जमा हो गए जहां उनकी अपील पर सुनवाई हो रही थी। प्रदर्शनकारी 'क्रांति अब' का नारा लगा रहे थे। सुनवाई के बाद जब पुलिस की बस एडवर्ड लेंग को लेकर जा रही थी तो प्रदर्शनकारी गाड़ी के सामने आ गए और थोड़ी देर के लिए यातायात जाम कर दिया। अभी यह साफ नहीं हो सका है कि लेंग की अपील पर सुनवाई के दौरान क्या फैसला हुआ।

# चीनी अधिकारियों की अमेरिका में नो एंट्री, वीज़ा पर प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने चीन की 28 संस्थाओं पर बैन के बाद अब उसके अधिकारियों के वीजा पर भी रोक लगा दी है। अमेरिका ने मंगलवार को चीन के अशांत शिनजियांग प्रांत में उइगर मुस्लिमों के दमन को लेकर यह फैसला लिया है। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पॉम्पियो ने एक बयान में कहा, 'अमेरिका चीन से अपील करता है कि वह शिंजियांग में दमन के अपने अभियान को तत्काल बंद करे।'

अमेरिका ने चीन पर स्वायत्त शिनजियांग प्रांत में उइगर मुस्लिमों के हाइटेक सर्विलांस और कठोर नियंत्रण का आरोप लगाया है। अमेरिकी विदेश मंत्री पॉम्पियो ने कहा, चीन सरकार ने शिनजियांग प्रांत में उइगर, कजाख और किर्ग अल्पसंख्यक मुस्लिमों पर कड़े नियंत्रण की कोशिशें की हैं। उन्होंने कहा, चीन ने अपनी इस कार्रवाई के तहत बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यक मुस्लिमों को डिटेंशन कैंपों में रखा है। हाई-टेक सर्विलांस किया जा रहा है। उनकी सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान पर कड़ा नियंत्रण रखा जा रहा है। इसके अलावा विदेश से लौटने वाले लोगों पर भी तरह-तरह के प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं और कड़ी निगरानी की जा रही है।



उन्होंने कहा कि ये वीजा प्रतिबंध चीन सरकार और कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारियों पर है, जो उइगर, कजाख और किर्ग समेत चीन में रहने वाले तमाम मुस्लिमों पर कठोर नियंत्रण के लिए जिम्मेदार हैं। यही नहीं अमेरिका ने इन अधिकारियों समेत उनके परिवारों पर भी वीजा प्रतिबंध लागू करने का फैसला लिया है। अमेरिका ने इस फैसले से एक दिन पहले ही चीन की 28 संस्थाओं को भी ब्लैकलिस्ट करने का फैसला लिया था।

### पहले 28 संस्थाओं को किया ब्लैकलिस्ट, अब वीज़ा पर रोक

दोनों देशों के बीच जारी ट्रेड वॉर के बीच अमेरिका की ओर से उठाए गए ये दो कदम तनातनी को और बढ़ा सकते हैं। गौरतलब है कि अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को चीन की 28 संस्थाओं को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया था। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री विल्बर रोस ने इस फैसले की घोषणा की थी।